शाही अंदाजमें निकली कर्णघोड़ा शोभायात्रा, जगह-जगह पूजन

कर्णघोड़ेने दिया दहशरेका संदेश, जयश्री रामका होता रहा उद्घोष

श्री पथरचट्टी रामलीला कमेटी की ओर से शनिवार शाम कर्णघोड़ा शोभायात्रा निकाली गयी। पूरे रास्ते जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शाही अंदाज में निकले कर्णघोड़े का पूजन अर्चन किया। शोभयात्रा मार्ग पर लगातार जय श्री राम का उद्घोष भी श्रद्धालु करते रहे।

कर्णघोड़ा शोभायात्रा की शुरुआत चमेलीबाई धर्मशाला से शाम करीब साढ़े पांच बजे हुई। इससे पूर्व घोड़े की पूजा कर उसकी आरती की गयी। जिसके बाद दशहरा महोत्सव का सन्देश देते कर्णघोड़ा आगे बढ़ा। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पूजा की और घोड़े को फूल मालाओं से लाद दिया।

मान्यता है कि स्वर्ग में कान लगा कर रामकथा सुनने के बाद घोड़ा पृथ्वी पर आ कर उसे पृथ्वी वासियों को रामकथा सुनाने के लिये भ्रमण करने लगा। इस कारण लोग उससे रामकथा श्रवण कर उसकी पूजा अर्चना करते थे। इसी परम्परा को पथरचट्टी रामलीला कमेटी कर्णघोड़ा शोभायात्रा के रूप में मनाते चली आ रही है। डीजे बैंड, ढोल ताशा, शहनाई के सुरों से गुंजायमान यह शोभायात्रा मोहत्सिमगंज होते हुए साउथ मलाका से पथरचट्टी परिसर रामबाग पहुंची, जहां कमेटी के अध्यक्ष पं. मुकेश पाठक, महामंत्री विजय सिंह, कोषाध्यक्ष गिरधारीलाल अग्रवाल की अगुवाई में पूजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक रमेश कुमार जायसवाल, धर्मेन्द्र कुमार भइया जी, मीडिया प्रभारी लल्लूलाल गुप्त सौरभ, सतीशचंद्र केसरवानी, कन्हैयालाल गुप्ता, विजय वैश्य, राजीव गुप्त बिट्टू, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, राजेश वैश्य, पं. सुधीर शर्मा, राजेश सिंह जड़िया, प्रदीप गुप्ता, शैलेन्द्र साहू आदि शोभायात्रा के साथ चले। शोभयात्रा रामबाग से चल कर यात्रा कोठापार्चा से आगे राम भवन, बताशा मंडी, लोकनाथ,कोतवाली से ठठेरी बाजार होकर, जानसेन् गंज और फिर हीवेट रोड, चमेली बाई धर्मशाला पहुंचकर सम्पन्न हुई।



बाइकमें कारसे टक्कर मारनेके बाद युवकको पीटा

पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बमरौली शिवाला में बाइक में कार से टक्कर मारने के बाद युवक से मारपीट करने और घर पहुंचकर पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित अली अहमद ने एफआईआर दर्ज करायी है। अली अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बाइक से घर लौट रहे थे। तभी प्रयागराज की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिर पड़े। आरोप है कि कार चालक हुसैन उर्फ लोलो और उसके साथ आए अन्य लोगों ने गालीगलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद आरोपित उसके घर पहुंचे और पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी।

महाराष्ट्रमें शिवसेना नेताकी हत्याके दो आरोपित नैनीसे गिरफ्तार

ठाणेमें गोली मारनेके बाद चापड़से गर्दनपर किया था वार, एसटीएफ प्रयागराज एवं महाराष्ट्र पुलिसकी संयुक्त टीमने अरैलसे दबोचा

महाराष्ट्र के ठाणे में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट के नेता प्रदीप पूर्णेकर की हत्या कर फरार हुए दो आरोपितों को एसटीएफ प्रयागराज और महाराष्ट्र पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार देर शाम दोनों को नैनी के अरैल सेल्फी प्वाइंट के पास से पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपित संतोष कन्नौजिया और अमित सिंह मूलरूप से वाराणसी के चोलापुर के रहने वाले हैं। महाराष्ट्र पुलिस दोनों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर ठाणे रवाना हो गई।

एसटीएफ के मुताबिक, २९ सितंबर की रात ठाणे जिले के चितणसर मानपाड़ा क्षेत्र में ब्लॉक प्रमुख और कारपोरेटर के चुनाव को लेकर पुरानी



रंजिश में प्रदीप पूर्णेकर की हत्या कर दी गई थी। आरोपितों ने पहले तमंचे से गोली चलाई और फिर चापड़ से गर्दन पर वार किया था। वारदात के बाद दोनों फरार हो गए थे। महाराष्ट्र पुलिस ने इस मामले में सुभाष उर्फ पप्या शिंदे, निखिल यादव और नितेश पवार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। संतोष कन्नौजिया और अमित सिंह के प्रयागराज में छिपे होने की सूचना मिलने पर महाराष्ट्र पुलिस ने एसटीएफ से संपर्क किया। इसके बाद संयुक्त टीम ने शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे अरैल सेल्फी प्वाइट के पास घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के अनुसार, संतोष कन्नौजिया ठाणे के चितणसर मानपाड़ा क्षेत्र में और अमित सिंह मुंबई के भाइंदर पूर्व इलाके में रहता था। संतोष के खिलाफ ठाणे जिले के कापुरबावड़ी थाने में पहले से दो आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसटीएफ निरीक्षक जयप्रकाश राय ने बताया कि महाराष्ट्र पुलिस दोनों आरोपितों को अपने साथ ठाणे ले गई है।

देश छोड़नेकी आशंकापर जारी था एलओसी

एसटीएफ के मुताबिक, संतोष कनौजिया के खिलाफ पहले ही लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया था। पुलिस को आशंका थी कि वह देश छोड़कर भाग सकता है या किसी दूसरे राज्य में ठिकाना बना सकता है। जांच में पता चला कि आरोपी अमित सिंह वारदात के दौरान हेलमेट पहनकर संतोष के साथ घटनास्थल पर पहुंचा था। अमित रिक्शा चालक है और ठाणे जिले के मीरा-भायंदर इलाके में रहता है, जबकि संतोष ठाणे के मनपाड़ा क्षेत्र का निवासी है।

उमरे ने पहली छमाहीमें १२.३ मिलियन हरित ऊर्जाका किया उत्पादन

उत्तर मध्य रेलवे ने महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह में मार्गदर्शन में कुल २६.८ मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र से वित्त वर्ष २०२६-२७ में पहली छमाही अप्रैल-सितम्बर-२०२६ मे कुल १२.३ मिलियन यूनिट बिजली (हरित ऊर्जा) का उत्पादन किया है। इससे पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों पर हमारी निर्भरता मे कमी आयी है साथ ही इससे हमे और अधिक सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की प्रेरणा मिल रही है।

सौर ऊर्जा द्वारा बिजली के इस उत्पादन से वित्त वर्ष २०२६-२७ (अप्रैल-सितम्बर) मे रेलवे के राजस्व में ७.७ करोड़ रुपए की बचत हुई जिसके फलस्वरूप १०३७५ मीट्रिक टन कार्बन-डाई-आक्साइड (ग्रीन हाउस गैस) का उत्सर्जन भी रोका



गया। वहीं उत्तर मध्य रेलवे १८ मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्रों को स्थापित करने की दिशा में भी कार्य कर रहा है, जिससे कि उत्तर मध्य रेलवे की कुल स्थापित सौर क्षमता ३० मेगावाट से भी अधिक हो जायेगी, यह कार्य आगामी वर्ष तक पूर्ण कर लिया जायेगा। उत्तर मध्य रेलवे ऊर्जा संरक्षण कि दिशा में निरंतर अग्रसर है। विगत दो वर्षों से उत्तर मध्य रेलवे, ऊर्जा संरक्षण के कार्य में अव्वल रहा है, जिसमें 'जोनल रेल्वे केटेगरी' में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-२०२३ का प्रथम पुरस्कार, 'उत्तर प्रदेश ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-२०२४' का प्रथम पुरस्कार एवम 'बिल्डिंग केटेगरी' में सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन को 'सर्टिफिकेट आफ मेरिट' प्राप्त कर नया कीर्तिमान गढ़कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

हरित ऊर्जा के कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा जे सी एस बोरा, प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर के नेतृत्व एवं दिशा-निर्देश मे पूरे मनोयोग एवं संकल्प के साथ पूरे उत्तर मध्य रेलवे मे कार्यान्वित की गयी।

पुलिसने तमंचेके साथ गिरफ्तारी दिखायी, अदालतने डिमांड खारिज करते हुए किया रिहा

(विधि संवाददाता)

रविवार अवकाश के दिन रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष झूसी थाने के पुलिस अभियुक्त अंशु सिंह पुत्र सतीश कुमार सिंह निवासी बरेठी बलरामपुर थाना उतरांव प्रयागराज को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष न्यायिक अभिरक्षा में रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत किया । सुनवाई के उपरांत रिमांड मजिस्ट्रेट आयूषी गोस्वामी ने रिमांड खारिज करते हुए अभियुक्त को निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया। विवचेक ने मु०अ०सं०-३९०/२०२६ अन्तर्गत धारा- ३३१(४),३२९ (३), ११५ (२), ३५१ (३), २८८ बी०एन० एस० व ३/२५ आर्म्स एक्ट थाना झूसी प्रयागराज में अभियुक्त की १४ दिवस के रिमाण्ड हेतु प्रार्थना किया गया।अभियुक्त के अधिवक्ता की द्वारा रिमाण्ड का विरोध करते हुए कथन किया गया कि अभियुक्त को झूठा फसाया गया है, गिरफ्तारी का कोई आधार नहीं है रिमाण्ड निरस्त किये जाने का प्रार्थना की गयी। अदालत ने केस डायरी में समस्त प्रपत्रों का अवलोकन किया गया। पुलिस प्रपत्रों के अवलोकन से विदित है कि विवेचक द्वारा धारा-३३१ (४), ३२९ (३),११५ (२),३५१ (३),२८८ बी०एन०एस० व ३/२५ आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत रिमांड की याचना की गयी है। जिसमें अधिकतम दण्डादेश की अवधि ७ वर्ष है। ऐसे प्रकरण में गिरफ्तारी के समय बीएनएसएस की धारा-३५ (१) बीएन एसएस/४१ (१) (बी) दप्रसं लागू होता है। जिसके अनुसार ऐसे मामले में जहां दण्डादेश सात वर्ष अथवा सात वर्ष से कम हो तो पुलिस अधिकारी गिरफ्तारी के कारणों को लेखवद्ध करेगा।यहां यह उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद २१ में वर्णित मूल अधिकारों जहां किसी व्यक्ति का निरुद्धीकरण विधि विरुद्ध हो, के प्रथम संरक्षण का दायित्व मजिस्ट्रेट को भी है। प्रस्तुत मामलें में केस डायरी के अवलोकन से स्पष्ट है कि अभियुक्त अंशु सिंह पुत्र सतीश कुमार सिंह को धारा-३५ (३), ३५ (४), ३५ (५), ३५ (६) बीएन एसएस/४१ दप्रसं की कोई नोटिस नहीं दी गयी है एवं विवेचक द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी के कारण जो दर्शित किये गये है वह धारा-३५ (१) (बीं)/४१(१) (बी) की उपधारा (द्वितीय) के आलोक में नहीं है। अदालत ने कहा कि मामलें के समस्त तथ्य एवं परिस्थितियों से स्पष्ट है कि रिमांड ७ वर्ष तक दण्डनीय मामले के सन्दर्भ में मांगी गयी है। किसी प्रकार का कोई नोटिस एवं चेक लिस्ट केस डायरी के साथ संलग्न नहीं है। अभियुक्त की गिरफ्तारी का कोई कारण भी विवेचक-गिरफ्तार करने वाले उन् द्वारा धारा-३५ (१)(बीं)बीएनएसएस/४१ (१)(बी) के अनुपालन में केस डायरी में अंकित नहीं किया गया है। धारा-३५(१) (बी) बीएन एसएस/४१(१) दंप्रसं और ३५ (३), ३५ (४),३५(५),३५(६) बी०एन० एस०एस०/४१ दप्रसं का पालन विवेचक द्वारा नहीं किया गया है।

शातिरोंने दोके खातेसे उड़ाये ६.२८ लाख रुपये

मुकदमे दर्ज कर जांचमें जुटी पूरामुफ्ती पुलिस

साइबर ठगों ने पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में दो लोगों के बैंक खातों से ६.२८ लाख रुपये पार कर दिए। एक पीड़ित के खाते से ३.६६ लाख रुपये निकाले गए, जबकि दूसरे के खाते से चार बार में २.६२ लाख रुपये निकाल लिए गए। दोनों मुकदमें दर्ज कर पूरामुफ्ती पुलिस जांच कर रही है।

बमहरौली स्थित हैप्पी होम में रहने वाले यदुवंश के मुताबिक, २७ सितंबर की रात करीब नौ बजे उनके बैंक खाते से साइबर धोखाधड़ी के जरिए ३.६६ लाख रुपये निकाल लिए गए। इसकी जानकारी होने पर उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर १९३० पर शिकायत दर्ज कराई।

पीड़ित ने दो अक्टूबर को पूरामुफ्ती थाना में मुकदमा दर्ज कराया। वहीं पूरामुफ्ती के बिहका गांव निवासी गौतम राजपूत के बैंक खाते से भी साइबर ठगी की गई। गौतम के मुताबिक, दो सितंबर को उनके खाते में २.५८ लाख रुपये की छात्रवृत्ति आई थी। खाते में पहले से भी कुछ रकम जमा थी।

आरोप है कि तीन से पांच सितंबर के बीच साइबर ठगों ने चार बार में कुल २.६२ लाख रुपये निकाल लिए। दो दिन बाद खाते से रुपये निकलने की जानकारी होने पर उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर १९३० पर शिकायत दर्ज कराई। गौतम ने सात अक्तूबर को पूरामुफ्ती थाने में एफआईआर दर्ज करायी है।

शराबकी दुकानके विरोधमें महिलाओंमें आक्रोश, प्रदर्शन

घूरपुर थाना क्षेत्र के कंजासा गांव में संचालित कंपोजिट अंग्रेजी एवं बीयर की दुकान को बंद कराने की मांग को लेकर शनिवार शाम ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। भारी संख्या में महिलाओं समेत ग्रामीणों ने कंजासा गांव के सामने घूरपुर-लालापुर मार्ग पर आकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि गांव में शराब की बढ़ती खपत से बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक इसकी लत की चपेट में आ रहे हैं। उनका आरोप था कि शराब के सेवन से युवाओं का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है और लीवर व किडनी संबंधी बीमारियों के कारण असमय मौतें हो रही हैं। इससे परिवार टूट रहे हैं, महिलाएं विधवा हो रही हैं और बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उनका कहना था कि यमुना किनारे अवैध कच्ची शराब का निर्माण कराया जाता है।

पहले जीता भरोसा, फिर समेट ले गयी लाखोंके गहने

बैंकमें गहने रखनेका दिया झांसा, नौकरी लगानेके नामपर भी ऐंठे रुपये

किराये का कमरा लेकर पहले विश्वास जीता, फिर बैंक में जेवर सुरक्षित रखने का झांसा देकर लाखों रुपये के गहने और नौकरी लगवाने के नाम पर ५० हजार रुपये ऐंठ लिए। कैंट थाना क्षेत्र के ओम नगर राजापुर में ठगी का यह मामला सामने आया है। बिहार की प्रियंका कुमारी और उसके पति राजकुमार सिंह पर महिला के जेवरात व नकदी लेकर फरार होने का आरोप है। पुलिस से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता न्यायालय से गुहार लगायी। न्यायालय के आदेश पर अब कैंट पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

राजपुर कैंट निवासी रश्मि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि प्रियंका ने बिहार के बक्सर जिले का पता बताकर उसके घर में किराये पर कमरा लिया था। कुछ दिन बाद वह राजकुमार सिंह को अपना पति बताकर साथ रहने लगी। दोनों ने अपने व्यवहार से पीड़िता का विश्वास जीत लिया। आरोप है कि प्रियंका ने पीड़िता को प्रयागराज के संगम में स्नान भी कराया और उसके गांव के लोगों से परिचय कराया। १९ फरवरी २०२६ को प्रियंका ने पीड़िता को आगाह किया कि महिलाएं घरों में जाकर सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लेती हैं। उसने एक बैंक की शाखा में अपने संपर्क होने की बात कहकर गहनों को सुरक्षित रखने का भरोसा दिलाया। उसकी बातों में आकर पीड़िता ने अपने जेवर उसे सौंप दिए। आरोप है कि प्रियंका ने सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर २५ हजार रुपये नकद और २५ हजार रुपये मोबाइल के माध्यम से भी ले लिए। पीड़िता का आरोप है कि प्रियंका चार सोने के कंगन, एक मंगलसूत्र, चार सोने की नथ, चार अंगूठियां, चांदी की दो जोड़ी पायल और सोने की चेन लेकर चली गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। बाद में जानकारी मिली कि वह कथित तौर पर किराये का कमरा लेकर लोगों का विश्वास जीतती है और जेवरात व रुपये लेकर फरार हो जाती है। पीड़िता ने १३ अप्रैल को कैंट थाने में लिखित शिकायत दी गई। कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली।

घरसे युवकका लैपटाप चोरी

कैंट थाना क्षेत्र निवासी एक युवक का घर से चोरों ने लैपटाप पार कर दिया। पीड़ित ने अज्ञात शातिरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

राजापुर के ऊंचवागढ़ी निवासी अनुपम मिश्रा ने पुलिस को बताया कि आठ अक्तूबर की रात करीब १२ बजे उनके घर से लैपटाप चोरी हो गया। कैंट पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है।

फौजीके घरका ताला तोड़कर लाखोंके गहने चोरी

५० हजार रुपये नकद और इन्वर्टर-बैटरी भी ले गये शातिर

पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बमरौली उपरहार में चोरों ने सेना में तैनात हवलदार के घर को निशाना बनाया। मुख्य गेट का ताला तोड़कर चोर ५० हजार रुपये नकद, लाखें के सोने-चांदी के जेवर और इन्वर्टर-बैटरी समेट ले गए। पूरामुफ्ती पुलिस मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरो की मदद से चोरों की तलाश कर रही है। बमरौली उपरहार निवासी राम सिंह सेना में हवलदार हैं। वर्तमान में उनकी तैनाती मेरठ कैंट में है। राम सिंह के मुताबिक, तीन अक्टूबर को पड़ोसी ने फोन कर घर में चोरी होने की सूचना दी। पड़ोसी ने पुलिस के आपातकालीन नंबर ११२ पर कॉल करने के साथ ही भगवतपुर पुलिस चौकी को भी जानकारी दी थी। सूचना मिलने पर राम सिंह छुट्टी लेकर प्रयागराज पहुंचे। पांच अक्टूबर की सुबह घर का निरीक्षण किया तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। घर के अंदर सामान बिखरा था और लॉकर में रखे जेवर गायब थे। चोर करीब तीन तोले का हार, एक तोले का मंगलसूत्र, एक तोले की चेन, तीन तोले के कंगन, अंगूठी और झुमके के अलावा करीब आधा किलो का कमरबंद, २५० ग्राम की पायल और २५० ग्राम की हाफ पेटी भी ले गए। इसके साथ ही ५० हजार रुपये नकद और इन्वर्टर-बैटरी सेट भी चोरी हो गया। पूरामुफ्ती पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

आटोकी टक्करसे युवक घायल, मुकदमा

वीर अब्दुल हमीद द्वार के सामने आटो की टक्कर से एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल युवक के दोस्त ने आटो चालक के खिलाफ शिवकुटी थाना में एफआईआर दर्ज करायी है। वाराणसी के वरुणा शिपुर गौतमनगर कालोनी निवासी प्रियांशु सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने दोस्त प्रांजल सिंह के साथ जा रहा था। तभी वीर अब्दुल हमीद गेट छावनी परिसर के सामने आटो चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे प्रांजल सिंह गंभीर रुप से घायल हो गया। आरोप है कि चालक नशे में था और आटो लापरवाही पूर्वक चला रहा था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर कारवाई कर रही है।

सियाको ब्याहने चले राम, बारातियोंका किया सत्कार

दारागंजमें धूमधामसे निकली राम बारात, सीता-रामके विवाहके मंचनने किया रोमांचित

श्री दारागंज रामलीला कमेटी की ओर से शनिवार रात नागवासुकि मंदिर अयोध्या पुरी से धूमधाम के साथ राम बारात निकाली गयी। सर्वप्रथम पुजारी श्यामधर त्रिपाठी ने चारों भाइयों का आरती पूजन एवं श्रृंगार किया गया। उसके पश्चात कमेटी के अध्यक्ष कुल्लू यादव एवं महामंत्री जितेंद्र गौड़ के ने चारों भाइयों को टीका, काजल लगाकर रथ पर विराजमान कराया। बारात के आगे डीजे, घोड़ा, ऊंट,ध्वजा पताका, बैंड पार्टी की धुन पर बाराती नृत्य करते हुए आगे बढ़े। बारात बख्शी त्रिमुहानी, बड़ी कोठी होते हुए मध्य दारागंज पंडित धर्मराज पाण्डेय चौराहे पर पहुंची। जहां सभी बारातियों का तिलक लगाकर प्रयागराज सेवा समिति के पुष्पराज पाण्डेय, विष्णु दयाल श्रीवास्तव, गोलू चौरसिया, सारिका चौरसिया एवं क्षेत्रीय भाजपा पार्षद अनुपमा पाण्डेय ने स्वागत किया। इसके बाद बारात माधव मंदिर होते हुए निराला चौराहे पर पहुंची। वहां कन्हैया गुप्ता के नेतृत्व में सच्चा अखाड़ा झूठा दरबार के सदस्यों ने आरती उतारी और हलवा प्रसाद बांटा। जिसके बाद बारात मीरा गली होते



हुए मोरी जनकपुरी पहुंची।वहां सीता स्वयंवर समिति के, कृष्ण कुमार चौरसिया, प्रकाश पहलवान, घंटी महाजन आदि ने सभी बारातियों का स्वागत सत्कार कर विराजमान कराया और उसके पश्चात रात्रि में पुरोहित पंडित श्रवण कुमार द्विवेदी के निर्देशन में राम सीता विवाह का मंचन किया गया। बारात में पंडित सियाराम शास्त्री, मुन्ना आजाद, अरविंद पाण्डेय, राजू, विजय सोनकर, हीरालाल यादव, राहुल यादव, सोनू गुप्ता, ओम प्रकाश चौधरी, पचू यादव, शिबू सोनी, विकास मिश्रा, राजा मिश्रा, सुरेंद्र गौड़, संजय पाठक विशाल यादव राजा मिश्रा आदि लोग शामिल रहे।

गल्लेसे पैसा निकालनेके विरोधपर दुकानदारपर हमला, फायरिंग

जानसे मारने एवं दुकान लूटनेकी धमकी, घटना सीसीटीवी कैमरेमें कैद

कैंट थाना क्षेत्र के राजापुर स्थित गंगानगर में सब्जी की दुकान लगा रहे दुकानदार पर हमला कर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। गल्ले से रुपये निकालने का विरोध करने पर आरोपित ने पहले जान से मारने की धमकी दी। कुछ देर बाद वह पांच अन्य लोगों के साथ पहुंचा और दुकानदार को लाठी-डंडों से पीटने लगा। आरोप है कि इस दौरान तमंचे से फायरिंग भी की गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। कैंट पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

गंगानगर निवासी आकर्षित जायसवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सात अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे वह अपनी सब्जी की दुकान लगा रहे थे। तभी एक युवक उनके गल्ले से रुपये निकालने लगा। विरोध करने पर युवक गाली-गलौज करते हुए धमकी देकर चला गया कि वह अपने साथियों के साथ लौटेगा और उन्हें जान से मारकर दुकान लूट लेगा।

आरोप है कि कुछ देर बाद वह पांच अन्य लोगों के साथ पहुंचा। उनके हाथों में डंडे और तमंचे थे। सभी ने एकराय होकर आकर्षित के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक आरोपित ने उन्हें जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। आसपास के लोगों के बचाव के लिए आगे आने पर भी फायरिंग किए जाने का आरोप है। मारपीट में दुकानदार को चोटें आई हैं। पीड़ित ने तहरीर में रिशु नाम के युवक की पहचान गंगानगर की गली नंबर छह के निवासी के रूप में की है। कैंट पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे में आरोपितों की पहचान कर कारवाई की जा रही है।

निषेधाज्ञाके चलते रुके कामपर याचिका स्वीकार्य नहीं- हाईकोर्ट

सड़क निर्माणकी जनहित याचिका खारिज

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने प्रयागराज जिले के एक गांव में अधूरी पड़ी सीसी सड़क का निर्माण पूरा कराने की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि जब किसी सक्षम अदालत या प्राधिकरण के आदेश के कारण निर्माण रुका हो, तो इस उद्देश्य से जनहित याचिका दाखिल करना स्वीकार नहीं किया जा सकता।

मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने तितिक्ष मिश्रा की याचिका में यह आदेश पारित किया।याचिका में मांग की गई थी कि थाना उतरांव से संदीप कुमार मिश्रा के घर के सामने से होते हुए उमेश मिश्रा के घर की ओर जाने वाली सीसी सड़क का निर्माण पूरा कराया जाए। यह सड़क ग्राम भिउरा, ब्लॉक सैदाबाद, तहसील हंडिया, जिला प्रयागराज में स्थित है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सड़क का एक हिस्सा नहीं बनाया जा रहा है।सड़क अधूरी बनी हुई है। अभिलेखों के अवलोकन में कोर्ट ने पाया कि जिला पंचायत, प्रयागराज के अभियंता और अपर अभियंता की स्थल निरीक्षण रिपोर्ट में उल्लेख है कि सक्षम न्यायालय या प्राधिकारी के अंतरिम आदेश के कारण निर्माण नहीं हो सका है।

पीठ ने कहा कि जब किसी प्राधिकारी द्वारा निषेधाज्ञा दिए जाने के कारण प्रतिवादी निर्माण पूरा करने की स्थिति में नहीं हैं, तब इस प्रयोजन से जनहित याचिका दायर करना उचित नहीं ठहराया जा सकता।

कोर्ट ने कहा कि ऐसी परिस्थिति में याचिकाकर्ता के पास उपलब्ध उपाय यह है कि यदि उसका उस लंबित मुकदमे में कोई अधिकार है, तो वह उसमें पक्षकार बनकर कानून के अनुसार राहत मांगे। इसके साथ ही पीठ ने याचिका को सारहीन बताते हुए खारिज कर दिया।

किशोरीका अश्लील वीडियो वायरल कर ब्लैकमेल करनेका आरोप

इंस्टाग्राम एवं फेसबुकपर किया पोस्ट, विरोधपर धमकी

पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा का निजी वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने और उसे ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की बहन की तहरीर पर पुलिस ने अरबाज नाम के युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़िता की बहन के मुताबिक, उसकी छोटी बहन छात्रा है और पहले अरबाज से वीडियो कॉल पर बातचीत करती थी। आरोप है कि युवक ने इसी दौरान बातचीत रिकॉर्ड कर ली, जिसमें निजी बातें भी थीं। परिवार को दोनों के संपर्क में होने की जानकारी हुई तो छात्रा को उससे बातचीत बंद करने के लिए कहा गया। आरोप है कि इसके बाद युवक छात्रा को परेशान करने और ब्लैकमेल करने लगा। उसने निजी वीडियो इंस्टाग्राम और फेसबुक पर प्रसारित कर दिए। एक वीडियो को एडिट कर अश्लील रूप भी दिया गया। विरोध करने पर आरोपित ने गालीगलौज की और धमकी भरे संदेश भेजे। पीड़िता के परिवार को आशंका है कि आरोपित दोबारा वीडियो अपलोड कर सकता है या दूसरे लोगों को भेज सकता है। मामले की शिकायत महिला हेल्पलाइन १०९० पर भी की गई है। पूरामुफ्ती थाना प्रभारी शांतनु सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

कोरांव एवं बहरियामें सड़क हादसा, दोकी मौत

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। घटनाएं कोरांव और बहरिया क्षेत्र में हुईं।

कोरांव थाना क्षेत्र के दर्शनी गांव निवासी ४५ वर्षीय मंगला प्रसाद निषाद गाढ़ा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति के ट्रैक्टर पर ईंट लादकर बड़ोखर गांव की ओर जा रहे थे।

शुक्रवार रात करीब दस बजे खिवली कला गांव के पास अचानक ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। मंगला प्रसाद ट्राली के नीचे दब गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंगला प्रसाद अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। उनके दो बच्चे हैं।

बहरिया थानांतर्गत ग्राम पंचायत पतुलकी निवासी पूर्व प्रधान ६७ वर्षीय हरीलाल बिंद शनिवार सुबह गांव के सामने सड़क पार कर रहे थे। उसी समय तेज रफ्तार किसी वाहन से उन्हें चपेट में ले लिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्वजन जब तक उन्हें अस्पताल ले जाते, उनकी मौत हो गई। पूर्व प्रधान हरीलाल के चार बेटे हैं। उनके बेटे जबर की तहरीर पर बहरिया थाने में अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

कैंसर विभागकी रेडियोथेरिपी मशीन खराब, बिना इलाज लौट रहे मरीज

एसआरएन अस्पताल के कैंसर विभाग की रेडियोथेरेपी मशीन खराब होने से मरीजों की परेशानी बढ़ गयी है। एक सप्ताह में लगभग १५० से २०० मरीज अब तक बिना रेडियोथेरेपी के वापस जा चुके हैं। डाक्टरों के अनुसार कैंसर विभाग की ओपीडी एवं भर्ती मरीजों में प्रतिदिन लगभग ३० से ४० मरीजों को रेडियोथेरेपी की जरूरत रहती है लेकिन मशीन बंद होने से जो मरीज सक्षम है वो निजी अस्पताल में इलाज के लिए चले जाते हैं वहीं जो मरीज खर्च वहन नहीं कर सकते उनकी बीमारी बढ़ती जा रही है।

प्रयागराजमें अलर्ट रही फोर्स, भ्रमणशील रहे अधिकारी

दिल्ली के जंतर-मंतर पर शनिवार को प्रस्तावित प्रदर्शन के मद्देनजर प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस दिनभर अलर्ट रही। पत्थर गिरजाघर स्थित धरनास्थल पर सुबह आठ बजे से ही कई थानों की फोर्स और पीएसी तैनात कर दी गई। धरनास्थल से सुभाष चौराहे तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। एहतियातन धरनास्थल को छावनी में तब्दील कर दिया गया।

इविवि परिसर के आसपास, रेलवे स्टेशनों और रोडवेज बस अड्डों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई। थरवई, फाफामऊ, धूमनगंज, सिविल लाइंस, कोतवाली, कर्नलगंज, एयरपोर्ट, पूरामुफ्ती, मुट्ठीगंज, अतरसुइया, दारागंज, फूलपुर, हंडिया और नवाबगंज समेत कई थानों की पुलिस तैनात रही। पुलिसकर्मी दिनभर स्थिति पर नजर बनाए रहे।

ग्रामीण इलाकों तक वित्तीय एवं बैंकिंग सेवाओंको आसानीसे पहुंचानेकी पहल

डाक विभाग एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंकके मध्य समन्वय बैठक

प्रयागराज में डाक विभाग (आईपीपीबी) और इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के बीच एक अत्यंत महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन किया। यह बैठक सिविल लाइन्स स्थित एक होटल में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि पोस्टमास्टर जनरल प्रयागराज परिक्षेत्र, राजीव उमराव तथा विशिष्ट आतिथि के रूप में डीजीएम, आईपीपीबी, संजय नाथ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके साथ ही, श्री अभिषेक त्रिपाठी, क्षेत्रीय प्रमुख की विशेष उपस्थिति ने इस आयोजन को और अधिक महत्वपूर्ण बनाया। इस समन्वय बैठक का आयोजन श्री अमित कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक, प्रयागराज परिक्षेत्र द्वारा किया गया। डाक विभाग और आईपीपीबी के बीच तालमेल को और अधिक सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों से आम जनता, विशेषकर ग्रामीण इलाकों तक वित्तीय और बैंकिंग सेवाओं का लाभ आसानी से पहुँच सकता है। बैठक में प्रयागराज परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों के विभागाध्यक्षों, सहायक निदेशकों , उप-मंडलों के प्रमुखों के साथ-साथ आईपीपीबी की पूरी टीम ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बैठक के दौरान डिजिटल बैंकिंग, आधार आधारित भुगतान प्रणाली, और पोस्टल सेवाओं को घर-घर तक पहुँचाने के लिए भावी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस उच्च-स्तरीय समन्वय बैठक से प्रयागराज क्षेत्र में डाक और बैंकिंग सेवाओं के एकीकृत विकास और कार्यकुशलता में अभूतपूर्व वृद्धि होने की संभावना है।

छात्र संघटनोंका प्रदर्शन, सीईसी को लेकर जताया विरोध

पत्थर गिरजाघरपर जुटे विभिन्न संघटनोंसे सैकड़ों छात्र-छात्राएं

सिविल लाइंस पत्थर गिरजाघर के पास शनिवार को अपरान्ह विभिन्न छात्र संघटनों से जुड़े सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। सुरक्षा के लिहाज से मौके पर पुलिस बल तैनात रहा, हालांकि प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और किसी प्रकार का उपद्रव या विवाद नहीं हुआ। इस विरोध के बाद प्रदर्शनकारी शांतिपूर्वक समाप्त कर लौट गए। निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की मांग को लेकर तथा एसआईआर रद्द करने, पुराने फार्म ६



को लागू करने, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति सम्बन्धी २०२३ के कानून को रद्द करने व मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन और सभा का आयोजन किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया गया। यह प्रदर्शन लगभग दो घंटे से अधिक समय तक शांतिपूर्ण ढंग से चला। प्रदर्शनकारी दोपहर गिरजाघर पहुंचे और वहीं डटे रहे। इस दौरान कोई जुलूस नहीं निकाला गया बल्कि गिरजाघर स्थल पर ही सभा व विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शन में आइसा, दिशा और आरवाईए सहित अन्य संघटनों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। संयुक्त प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच ने आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिए जाने, गिरफ्तारियों की खबरों तथा आवागमन पर कथित प्रतिबंधों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। कार्यकर्ताओं को विभिन्न जनपदों में उनके घरों और कमरों पर हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। आइसा अध्यक्ष सोनाली यादव, पूर्व अध्यक्ष साक्षी, आरवाईए की नेता राधा गौड़, मानवेंद्र, हिमांशु, सौम्या, आर्यन और आयुष उपस्थित रहे।